Bharat Temples

राधे चरणों का दास बना लो

श्री राधे वृषभानुजा,
भक्तनि प्राणाधार,
वृन्दावन विपिन विहारिणी
प्रणवों बारम्बार,

जैसो तैसो रावरौ
कृष्ण प्रिया सुखधाम,
चरण शरण निज दीजिये
सुन्दर सुखद ललाम,

राधे चरणों का दास बना लो ॥
चरण कमल की सेवा दे के
ब्रज मंडल में बसा लो,
राधे चरणों..........

तेरे महल की शोभा न्यारी ॥
तुम हो किशोरी राधा प्यारी ,
राधा गाऊ तुम्हे रिझाऊ
हरो विपदा तुम हमारी,

विपदा हर के कृपा कर दो
जन्मो की प्यास बुझा दो

राधे चरणों............
बरसाना तेरो धाम श्री राधा ॥

रस बरसाओ रसिको पे,
भव सागर से पार हो जाये
आनंद मिले जीवन में,
रसिक जानो पे कृपा करके

दासो का दास बना लो,
राधे चरणों.........
पल पल सिमरु तेरा नाम ॥
करो कृपा राधा रानी,

ब्रज मंडल के ठाकुर प्यारे
तुम हो हमारी महारानी
दास पुकारे राधा राधा

करुणा रस छलका दो
राधे चरणों............

Source:
https://www.bharattemples.com/radhe-charno-kaa-dass-banalo-charn-kamal-ki-sewa-de-ke-brij-mangal-me-basa-lo/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw